# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2020

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2020

## (ANNUAL / वार्षिक)

# SOCIOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही हैं। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिहि्नत करें। आपको किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर दें।

1. निम्न में से कौन जातिवाद का दुष्परिणाम है ?

(a) औद्योगिक प्रतिस्पर्द्धा

(b) सामाजिक समस्याओं में वृद्धि

(c) जजमानी व्यवस्था

(d) नारी शिक्षा

2. बाल अधिकार संरक्षण हेतु किन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

(a) मलाला युसुफजाई

(b) कैलाश सत्यार्थी

(c) मदर टेरेसा

(d) अमत्तर्य सेन

BiharboardQuestionpaper.com

3. निम्न में से कौन-सा एक वर्ण है ?

(a) ब्राह्मण

(b) यादव

(c) त्यागी

(d) अग्रवाल

4. 'दादी' नातेदारी की किस श्रेणी के अन्तर्गत आती है ?

(a) प्राथमिक

(b) द्वितीयक

(c) तृतीयक

(d) इनमें से कोई नहीं

5. घरेलू हिंसा का क्या तात्पर्य है ?

(a) ग्रामीण हिंसा

(b) सामुदायिक हिंसा

(c) धार्मिक हिंसा

(d) पारिवारिक हिंसा

6. निम्न में से कौन नगरीकरण के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव को दर्शाता है ?

(a) व्यापार और वाणिज्य का विस्तार

(b) पारिवारिक संरचन में परिवर्तन

(c) गंदी बस्तियों का विकास

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

7. हिन्दू विवाह अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ ?

(a) 1955

(b) 1954

(c) 1953

(d) 1965

8. धर्म की उत्पत्ति के 'आत्मवाद' का सिद्धान्त किसने दिया ?

(a) टायलर

(b) दुर्खीम

(c) मैक्स मूलर

(d) फ्रेज़र

9. निम्न में से कौन साम्प्रदायिकता का परिणाम नहीं हैं ?

(a) परस्पर विश्वास

(b) राष्ट्रीय एकता में बाधक

(c) राष्ट्रीय सुरक्षा में बाधक

(d) पारस्परिक तनाव

10. निम्न में से कौन पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थे ?

(a) काका कलेलकर

(b) कर्पूरी ठाकुर

(c) धनिकलाल मंडल

(d) राम मनोहर लोहिया

BiharboardQuestionpaper.com

11. समाजशास्त्र का जन्म किस देश में हुआ ?

(a) इंग्लैण्ड

(b) अमेरिका

(c) भारत

(d) फ़्रांस

12. निम्न में से कौन-सा एक प्रभाव भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव नहीं है ?

(a) राष्ट्रीय आय में वृद्धि

(b) महिला जगरूकता

(c) राष्ट्रीयकरण

(d) कृषि उत्पादन में वृद्धि

13. प्राचीन भारतीय समाज कितने वर्णों में विभाजित था ?

(a) तीन

(b) चार

(c) पाँच

(d) दो

14. धर्म में टोटमवाद का सिद्धान्त किसने दिया है ?

(a) दुर्खीम

(b) डेविस

(c) स्पेंसर

(d) रॉस

BiharboardQuestionpaper.com

15. भारत में निम्न में से कौन-सा कारक राष्ट्रीय एकता में बाधक है ?

(a) जातिवाद

(b) क्षेत्रवाद

(c) धर्मान्धता

(d) इनमें से सभी

16. 'इण्डियन सोसाइटी' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) एस. सी. दूबे

(b) नर्मदेश्वर प्रसाद

(c) एम. एन. कर्ण

(d) योगेन्द्र सिंह

17. निम्न में से कौन सामाजिक परिवर्तन की विशेषता नहीं है ?

(a) विश्वव्यापी

(b) सामुदायिक परिवर्तन

(c) स्थायी अवधारणा

(d) अनिश्चित भविष्यवाणी

18. निम्न में कौन भारतीय समाज की विशेषता है ?

(a) धार्मिक कट्टरता

(b) सामाजिक गतिशीलता

(c) व्यक्तिगत सम्पत्ति

(d) अनेकता में एकता

BiharboardQuestionpaper.com

19. नातेदारी की कितनी श्रेणियाँ होती है ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

20. निम्न में से कौन भारत में सामाजिक परिवर्तन का कारक नहीं है ?

(a) संस्कृतिकरण

(b) पश्चिमीकरण

(c) परम्परा

(d) औद्योगीकरण व नगरीकरण

21. निम्न में से कौन औद्योगीकरण का सामाजिक परिणाम है ?

(a) संयुक्त परिवार का विघटन

(b) महिलाओं को रोजगार

(c) जाति प्रथा का निर्बल होना

(d) इनमें से सभी

22. निम्न में से कौन सामाजिक स्तरीकरण का आधार नहीं है ?

(a) व्यवसाय

(b) संस्कृति

(c) शिक्षा

(d) सम्पत्ति

BiharboardQuestionpaper.com

23. किस धर्म में विवाह को एक संविदा माना जाता है ?

(a) हिन्दू

(b) इस्लाम

(c) सिख

(d) पारसी

24. निम्न में से कौन मादक द्रव्य व्यसन एवं मद्यपान का कारण है ?

(a) सुख की इच्छा

(b) निराशा

(c) बुरी संगत

(d) इनमें से सभी

25. निम्न में से कौन बिहार में अनुसूचित जाति नहीं है ?

(a) पासवान

(b) मांझी

(c) रविदास

(d) कुर्मी

26. भारत की राष्ट्रीय भाषा कौन है ?

(a) तेलगू

(b) अंग्रेजी

(c) मराठी

(d) हिन्दी

BiharboardQuestionpaper.com

27. समाज का निर्माण निम्न में से किससे होता है ?

(a) व्यक्तियों से

(b) संस्थाओं से

(c) सामाजिक संबंधों से

(d) इनमें से सभी

28. मरडॉक के अनुसार विवाह का क्या उद्देश्य है ?

(a) यौन इच्छा की पूर्ति

(b) बच्चों का पालन पोषण

(c) आर्थिक सहयोग

(d) इनमें से सभी

29. सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार निम्न में से किस दशा से संबंधित है ?

(a) नैतिक पतन से

(b) गरीबी से

(c) मद्यपान से

(d) इनमें से सभी

30. किस समाज में 'पैशाच विवाह' का प्रचलन था ?

(a) हिन्दू समाज में

(b) मुस्लिम समाज

(c) सिख समाज में

(d) आदिवासी समाज में

BiharboardQuestionpaper.com

31. हिन्दू विवाह के कितने स्वरूप हैं ?

(a) आठ

(b) पाँच

(c) सात

(d) चार

32. निम्न में किस वर्ष काम के बदले अनाज योजना शुरू की गई ?

(a) 1975

(b) 1976

(c) 1977

(d) 1948

33. 'अहिंसा परमो धर्मः' किस धर्म की शिक्षा है ?

(a) हिन्दू

(b) बौद्ध

(c) सिख

(d) जैन

34. निम्न में से कौन जाति नहीं है ?

(a) ब्राह्मण

(b) शूद्र

(c) कुशवाहा

(d) रविदास

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

BiharboardQuestionpaper.com

35. बलवंत राय मेहता समिति किससे सम्बन्धित है ?

(a) भूमि सुधार से

(b) हरित क्रांति से

(c) पंचायती राज से

(d) नक्सल आन्दोलन में

36. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(a) 1980

(b) 1990

(c) 1970

(d) 1950

37. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने विकसित की ?

(a) एम० एन० श्रीनिवास

(b) मजुमदार

(c) ए. आर. देसाई

(d) मेकाईवर

38. पंचायत समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?

(a) प्रमुख

(b) मुखिया

(c) चेयरमैन

(d) अध्यक्ष

BiharboardQuestionpaper.com

39. हिन्दू विवाह के किस स्वरूप में एक जोड़े बैल एवं गाय की माँग की जाती है ?

(a) देव विवाह

(b) ब्रह्म विवाह

(c) आर्ष विवा

(d) प्रजापत्य विवाह

40. किस वर्ष बालश्रम पर एक राष्ट्रीय नीति बनाई गयी ?

(a) 1948

(b) 1987

(c) 1991

(d) 1952

41. जाति का प्रजातीय सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(a) नेसफील्ड

(b) एस. सी. दूबे

(c) होकार्ट

(d) हर्बर्ट रिजल

42. 'बचपन बचाओ आन्दोलन के संस्थापक कौन है ?

(a) कैलाश सत्यार्थी

(b) मेधा पाटेकर

(c) नीरा देसाई

(d) मदर टेरेसा

BiharboardQuestionpaper.com

43. वर्ग-विहीन समाज की स्थापना की कल्पना किसने की ?

(a) कार्ल मार्क्स

(b) अगस्त कॉम्ट

(c) मैक्स वेबर

(d) वेस्टरमार्क

44. निम्न में से कौन एक वर्ग नहीं है ?

(a) प्रधानाचार्य

(b) चिकित्सक

(c) न्यायाधीश

(d) राजपूत

45. दलित वर्ग कल्याण लीग' की स्थापना किसने की थी ?

(a) महात्मा गाँधी

(b) राम विलास पासवान

(c) जगजीवन राम

(d) बी. आर. अम्बेडकर

46. समाजशास्त्र का जनक किन्हें कहा जाता है ?

(a) अगस्ट कॉम्ट

(b) दुर्खीम

(c) कार्ल मार्क्स

(d) स्पेन्सर

BiharboardQuestionpaper.com

47. निम्न में से कौन सामाजिक समस्या नहीं है ?

(a) बाल श्रम

(b) भ्रष्टाचार

(c) तस्करी

(d) आधुनिकीकरण

48. भारतीय संस्कृति की निम्न में से कौन-सी विशेषता है ?

(a) धर्म की प्रधानता

(b) पुनर्जन्म में विश्वास

(c) कर्मफल में विश्वास

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

49. निम्न में कौन जनजाति नहीं है ?

(a) भील

(b) संथाल

(c) खासी

(d) चौपाल

50. हिन्दू विवाह का निम्न में से कौन-सा प्रकार अमान्य है ?

(a) ब्रह्म विवाह

(b) दैव विवाह

(c) प्रजापत्य विवाह

(d) असुर विवाह

51. जनजातियों में जीवन साथी प्राप्त करने की कितनी पद्धतियाँ हैं ?

(a) आठ

(b) सात

(c) पाँच

(d) ग्यारह

52. भारतीय समाज कितने आश्रमों में विभाजित था ?

(a) चार

(b) पाँच

(c) तीन

(d) सात

53. बिहार में कौन-सी संस्था ग्रामीण विवादों का निपटारा करती है ?

(a) न्याय पंचायत

(b) पंचायत कचहरी

(c) ग्राम कचहरी

(d) इनमें से कोई नहीं

54. पश्चिमीकरण की अवधारणा किसने विकसित की ?

(a) एम. एन. श्रीनिवास

(b) मैक्स वेबर

(c) एस. सी. दूबे

(d) पार्सन्स

Biharboardquestionpaper.com

55. बिहार में किस वर्ष ग्राम पंचायत की स्थापना हुई ?

(a) 1946

(b) 1947

(c) 1949

(d) 1950

56. किसने कहा "जाति एक बंद वर्ग है" ?

(a) मजुमदार

(b) नर्मदेश्वर प्रसाद

(c) घुरिये

(d) सच्चिदानन्द

57. निम्न में से कौन मानव तस्करी का कारण है ?

(a) अंगों का निष्कर्षण

(b) वेश्यावृति

(c) बलात् विवाह

(d) इनमें से सभी

58. भारतीय समाज में उपनिवेशवादी शासन के क्या कारण थे ?

(a) राजनीतिक अस्थिरता

(b) क्षेत्रीय तनाव

(c) सांस्कृतिक भिन्नता

(d) जातिवाद

BiharboardQuestionpaper.com

59. निम्न में से कौन समाजशास्त्र में भारतीय विद्याशास्त्र उपागम के समर्थक हैं ?

(a) जी० एस० घुरिये

(b) आन्द्रे बेतेई

(c) आर. के. मुखर्जी

(d) मजुमदार

60. बिहार में बेरोजगारी भत्ता किस आयु समूह को दिया जाता है ?

(a) 21 से 31

(b) 18 से 25

(c) 18 से 27

(d) 16 से 27

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 27 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।

1. मद्यपान के चार दुष्परिणामों की विवचेना करें।
2. निकाह को परिभाषित करें।
3. मौसमी बेरोजगारी क्या है ?
4. एड्स के प्रमुख कारणों का वर्णन करें।
5. जनजातीय समाज की चार विशेषताओं का वर्णन करें।
6. अल्पसंख्यक समुदाय की चार समस्याओं का वर्णन करें।
7. महिला आयोग के चार प्रकार्यों की विवेचना करें।
8. भारतीय समाज की चार प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

BiharboardQuestionpaper.com

9. धर्मनिरपेक्षता की चार विशेषताओं का वर्णन करें।

10. बचपन बचाओ आन्दोलन पर प्रकाश डालें

11. नातेदारी से आप क्या समझते हैं ?

12. औद्योगीकरण की चार विशेषताओं को लिखें।

13. बालिकाओं की दो समस्याओं का वर्णन करें।

14. जनसंचार के चार साधनों का वर्णन करें।

15. वर्ग की चार प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

16. उदारीकरण क्या है ?

17. मादक द्रव्य व्यसन क्या है ?

18. हिन्दू विवाह के मुख्य उद्देश्यों की विवेचना करें।

19. बाल विकास से आप क्या समझते हैं ?

20. नगरीकरण की चार विशेषताओं का उल्लेख करें।

21. बहुपति विवाह की दो विशेषताओं की विवेचना करें।

22. सामाजिक समस्या से आप क्या समझते हैं ?

23. मुखिया के चार कार्यों का वर्णन करें।

24. भारत की सांस्कृतिक एकता को स्पष्ट करें।

25. प्रधानमंत्री रोजगार योजना पर प्रकाश डालें।

26. सामाजिक परिवर्तन क्या है ?

27. बिहार बेरोजगारी भत्ता के तीन प्रावधानों का वर्णन करें।

प्रश्न संख्या 28 से 35 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है।

28. भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

29. हिन्दू विवाह के विभिन्न स्वरूपों की विवेचना करें।

BiharboardQuestionpaper.com

30. नातेदारी की पाँच रीतियों का विश्लेषण करें।

31. सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया के रूप में पश्चिमीकरण को विश्लेषित करें।

12. बिहार में ग्राम पंचायत के संगठन पर प्रकाश डालें।

33. लिंग एवं यौन की अवधारणा में अंतर स्पष्ट करें।

34. सामाजिक परिवर्तन में जनसंचार की भूमिका का उल्लेख करें।

35. जनजातियों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाये गये उपायों की समीक्षा करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..